(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com,*

www.vidyabhartimp.org ***Date: 7-10-1986***

पत्र क्रमांक : 310/2021 दिनांक-13/08/2021

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य
सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर ....
मध्यभारत प्रान्त।

विषयः- भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस "अमृत महोत्सव" सप्ताह आयोजन विषयक।

बन्धुवर,

सादर नमस्कार।

उपरोक्त विषय में लेख है कि विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त द्वारा देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त विद्यालयों में **"अमृत महोत्सव"** का साप्ताहिक आयोजन करने का निश्चय किया है। यह सप्ताह 14.08.2021 से 20.08.2021 तक आयोजित होगा जिसमें भैया बहिन, आचार्य परिवार, अभिभावक, पूर्व छात्र, विद्वत परिषद् के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस सप्ताह में निम्न प्रकार गतिविधियाँ की जा सकती है।

1. जिला केंद्रों पर विद्वत परिषद के माध्यम से सांकृतिक भारत, अखंड भारत की संकल्पना, स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत, आदि विषयों पर विचार गोष्ठी/ व्याख्यानमाला का आयोजन करना।
2. पूर्व छात्रों के लिए सामाजिक सरोकार के विषयों को लेकर कार्यक्रम आयोजित करना।
3. सप्ताहांत तक चलने वाले इस महोत्सव में अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करना।
4. मितव्ययिता के साथ विद्यालयों पर रोशनी करना।
5. अन्य संपर्कित विद्यालयों में अमृत महोत्सव का आयोजन हो इस हेतु प्रयत्न करना।
6. अमृत महोत्सव हेतु सामाजिक सहभागिता के और भी अनेक प्रकार के आयोजन करना।
7. विद्यालय, सार्वजनिक स्थान पर रंगोली बनाना/स्वच्छता अभियान/दीपोत्सव।
8. ऐतिहासिक महत्व के स्थानों पर सामूहिक गीत गायन, कविता पाठ करना।
9. स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, पूर्व सैनिकों, वर्तमान सैनिकों को अथवा उनके परिवार को सम्मानित करना।
10. घोष वादन, महापुरुषों की वेशभूषा में अभिनय करना।
11. साहसिक यात्रा, भ्रमण इत्यादि।
12. विभिन्न कार्यक्रमों का वृत्त संकलित करते रहें।

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

आलोक- प्रत्येक कार्यक्रम में भारत माता पूजन एवं भारत माता की आरती से समापन करना।

E:\P-July- 15 Aug.